पंजाब केसरी 26/08/2023

कार्यक्रम के दौरान विजेता विद्यार्थियों के साथ कॉलेज प्राचार्य व शिक्षक। (चंद्रमोहन)

कन्या भ्रूण हत्या विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया

अम्बाला, 25 अगस्त (कोचर): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शुक्रवार को महिला संकाय और एस.डी.जी. सैल द्वारा कन्या भ्रूण हत्या विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डा. सीमा कंसल महिला संकाय की संयोजक ने सभी को इस कार्यक्रम की भूमिका बताई। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी प्रतियोगी बच्चों की सराहना की और उन्हें सकारात्मक भूमिका निभाने के लिये प्रोत्साहित किया।

प्रतियोगिता में 12 छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें सुनील कुमार (एम.कॉम. फाइनल), आक्षी (बी.ए द्वितीय वर्ष), प्रीति (बीकॉम प्रथम वर्ष), हर्षिता चोपड़ा (एम.कॉम द्वितीय) प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रहे। इसके अलावा सिमरनजीत कौर (बी. बी.ए द्वितीय) को सांत्वना पुरस्कार से प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डा. रवनीत गुलाटी ने किया। इस मौके पर डा. अनुपमा सिहाग, डा. अंशु व डा. मीनू राठी उपस्थित रहे।